# लोक सभा अध्यक्ष ने गणेश चतुर्थी पर देशवासियों को बधाई दी

**नई दिल्ली, 13 सितम्बर, 2018:** लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने गणेश चतुर्थी पर देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने सन्देश में, श्रीमती महाजन ने कहाः "श्री गणेश चतुर्थी पर सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई। रिद्धि-सिद्धि प्रदायक भगवान् श्री गणेश केवल समृद्धि एवं वैभव के ही अधिष्ठाता नहीं हैं अपितु हर प्रकार के विघ्न और कष्टों को हरने वाले तथा बुद्धि देने वाले भी हैं। मैं प्रार्थना करती हूँ कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में समरसता और समृद्धि का संचार करे। यहां मैं लोकमान्य तिलक जी का भी स्मरण करती हूँ। उनकी दूरदृष्टि की सोच से उन्होंने इसे एक सार्वजनिक उत्सव का रूप दिया। इसे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया। गणपति उत्सव युवा प्रतिभाओं के लिए एक मंच, संगठन क्षमता विकसित करने वाला, समाज में बंधुत्व की भावना को जागृत करने वाला है। आप सभी को भगवान गणेश जी का आशीर्वाद मिले।